बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार

32, हार्डिंग रोड, पटना-800001

फोन- 0612-2231563, फैक्स नं. : 2231562, 2215089, वेबसाईट : www.bsea.bih.nic.in

पत्रांक- नि० प्रा०/ विधि० 1-162/2017 329 / पटना, दिनांक 13/04/2018

प्रेषक,

फूल सिंह,
मुख्य चुनाव पदाधिकारी।

सेवा में,

जिला पदाधिकारी -सह- जिला निर्वाचन पदाधिकारी (स०स०), गया।
प्रखंड विकास पदाधिकारी -सह- निर्वाचन पदाधिकारी (स० स०), गुरूआ, गया।

विषय : गुरूआ व्यापार मंडल सहयोग समिति की प्रबंधकारिणी कमिटी के निर्वाचन हेतु मतदाता सूची की तैयारी ।

महाशय,

एल0पी0ए0 संख्या 1396/2017 -उमेश कुमार वर्मा -बनाम- राज्य सरकार एवं अन्य में माननीय उच्च न्यायालय द्वारा दिनांक 22.11.2017 को पारित न्यायादेश के अनुपालन में गुरूआ व्यापार मंडल सहयोग समिति की मतदाता सूची की तैयारी के संबंध में प्राधिकार द्वारा निम्नांकित कार्यक्रम नियत किया जाता है:-

क्रमांक	कार्यक्रम	अवधि
1	व्यापार मंडल के प्रबंधक/ सचिव द्वारा प्रपत्र-1 में सदस्यता सूची जिला सहकारिता पदाधिकारी को उपलब्ध कराना	17.04.2018
2	जिला सहकारिता पदाधिकारी द्वारा उक्त सूची का सत्यापन कर अथवा उक्त सूची स्वयं तैयार कर उसे निर्वाचन पदाधिकारी को उपलब्ध कराना	19.04.2018
3	निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा प्रारूप मतदाता सूची का विहित स्थानों पर प्रकाशन	21.04.2018
4	आम नोटिस का प्रकाशन जिसमें मतदाता सूची के संबंध में आपत्तियाँ प्राप्त करने की तिथि और प्राप्त आपत्तियों के निष्पादन की तिथि अंकित है	21.04.2018
5	आपत्तियाँ दाखिल करने की अवधि	08.05.2018 तक
6	आपत्तियों के निष्पादन के बाद मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन	10.05.2018

2. गुरूआ व्यापार मंडल के निर्वाचन हेतु मतदाता सूची तैयार करने के लिए कट-ऑफ तिथि दिनांक 31.03.2018 होगी।

3. प्रारूप प्रकाशन कर दिये जाने की सूचना निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा दिनांक 25.04.2018 को जिला सहकारिता पदाधिकारी को उपलब्ध करायी जायेगी और जिला सहकारिता पदाधिकारी उसे दिनांक 27.04.2018 तक प्राधिकार को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे।

4. मतदाता सूची प्रकाशन के लिए पूर्व में प्राधिकार के पत्रांक 616 दिनांक 13.07.2017 (प्रति संलग्न) द्वारा दिये गये अन्य निदेश लागू होंगे। इसे प्राधिकार के वेबसाईट संख्या www.bsea.bih.nic.in से डाउनलोड किया जा सकता है।

विश्वासभाजन,

अनुलग्नक: यथोक्त।

(फूल सिंह)
मुख्य चुनाव पदाधिकारी

Prep. of V. List of Guruaa Vyapar Mandal_2018

ज्ञापांक : 329 /पटना, दिनांक 13/04/2018

प्रतिलिपि : जिला सहकारिता पदाधिकारी, गया को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित। वे कृपया निर्वाचन पदाधिकारी को स्वच्छ मतदाता सूची के निर्माण में आवश्यक सहयोग प्रदान करेंगे। ज्ञातव्य हो कि निर्वाचन पदाधिकारियों द्वारा की गई किसी पृच्छा का सम्यक् एवं त्वरित उत्तर देने हेतु वे कर्त्तव्यबद्ध (dutybound) हैं।

मुख्य चुनाव पदाधिकारी

ज्ञापांक : 329 /पटना, दिनांक 13/04/2018

प्रतिलिपि: प्रधान सचिव, सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार, पटना/ प्रधान सचिव, सहकारिता विभाग, बिहार, पटना/ संबंधित प्रमंडलीय आयुक्त को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

मुख्य चुनाव पदाधिकारी

ज्ञापांक : 329 /पटना, दिनांक 13/04/2018

प्रतिलिपि: प्रधान सचिव, गृह विभाग, बिहार, पटना/ पुलिस महानिदेशक, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

मुख्य चुनाव पदाधिकारी

ज्ञापांक : 329 /पटना, दिनांक 13/04/2018

प्रतिलिपि: मुख्य चुनाव पदाधिकारी, बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार, पटना के कोषांग/ उप सचिव/ अवर सचिव/ सभी प्रशाखा पदाधिकारी/ सांख्यिकी पर्यवेक्षक, बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

मुख्य चुनाव पदाधिकारी